# आओ कन्हैया थोड़ी बाते करेंगे भजन लिरिक्स

आओ कन्हैया थोड़ी बाते करेंगे,
कुछ तेरी सुनेंगे कुछ अपनी कहेंगे।bd।

तर्ज – सौ साल पहले।

---

जन्मों से जन्म लेकर,
श्याम ये नैन तरसते है,
दर्शन बिन व्याकुल नैन,
मेरे दिन-रैन बरसते है,
आओगे कन्हैया तो ये,
और ना बहेंगे,
कुछ तेरी सुनेंगे कुछ अपनी कहेंगे,
आओ कन्हैया थोडी बाते करेंगे।bd।

---

सूनी-सूनी बगिया,
श्याम सूना घर आंगन है,
तुम आओगे घनश्याम,
जैसे कोई आया सावन है,
आओ तो कन्हिया रूखे,
फूल भी खिलेंगे,
कुछ तेरी सुनेंगे कुछ अपनी कहेंगे,
आओ कन्हैया थोडी बाते करेंगे।bd।

---

तू ही मेरा जीवन है,
श्याम तू ही तो सहारा है,
तुझ बिन सूना जीवन,
और धुंधला अँधियारा है,
आओ तो कन्हिया इसको,
रोशन करेंगे,
कुछ तेरी सुनेंगे कुछ अपनी कहेंगे,
आओ कन्हैया थोडी बाते करेंगे।bd।

---

तेरे दर्शन की घनश्याम,
मेरे इस दिल में तड़पन हो,
तेरी चौखट पे आन्सू,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

बंद ये दिल की धड़कन हो,
मर भी जाए जो ठाकुर,
दिल में रहेंगे,
**Bhajan Diary Lyrics,**
कुछ तेरी सुनेंगे कुछ अपनी कहेंगे,
आओ कन्हैया थोड़ी बाते करेंगे।bd।

---

आओ कन्हैया थोड़ी बाते करेंगे,
कुछ तेरी सुनेंगे कुछ अपनी कहेंगे।bd।

गायक / प्रेषक – मनीष ठाकुर।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com